**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 681**
**गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक)को दिया जाने वाला उत्तर**

## उड़ान सुरक्षा

**681. श्री कृपानाथ मल्लाहः**
**श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिलः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित हवाई अड्डों पर सुरक्षा में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ख) क्या यह सच है कि सुरक्षा में सुधार के लिए सीआईएसएफ की संख्या में वृद्धि की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): भारत के सभी हवाईअड्डों पर सीसीटीवी, एटीआरएस/एक्स-बीआईएस, डीएफएमडी, एचएचएमडी और ईटीडी आदि जैसे सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं। कुछ प्रमुख हवाईअड्डे उन्नत सुरक्षा प्रणालियों और उपकरणों जैसे डुअल व्यू एक्सबीआईएस, बायोमीट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, एटीआरएस (ऑटोमोटिव ट्रे रिट्रीवल सिस्टम), पीआईडीएस (पेरीमीटर इन्ट्रुशन डिटेक्शन सिस्टम), रिमोट स्क्रीनिंग और डिजी यात्रा- फेस रिकग्निशन आधारित एक्सेस से सुसज्जित हैं।

(ख): जी हां, वर्ष 2022 में सीआईएसएफ की स्वीकृत संख्या 34587 को वर्तमान में बढ़ाकर 45409 कर दिया गया है। बीसीएएस की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किए गए सर्वेक्षण/पुनः सर्वेक्षण के आधार पर हवाईअड्डों पर सीआईएसएफ कार्मिकों की संख्या में वृद्धि की जाती है।

*****